an>

Title: Need to connect Sitapur with Lakhimpur by a four lane road and also provide the same road connectivity between Dudhwa National Park and Lakhimpur district headquarters.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी)ः सरकार की कार्यप्रणाली और माननीय प्रधानमंत्री जी की विकास योजनाओं से प्रभावित मेरे जनपदवासियों को सरकार से बहुत अपेक्षाएं हैं।

लखीमपुर-खीरी उत्तर प्रदेश के समस्त नागरिक एवं व्यापारी विगत काफी समय से लखनऊ जाने के लिए सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग-24 तक जनपद मुख्यालय को फोर लेन से जोड़े जाने की मांग करते आ रहे हैं। हमारे जनपद लखीमपुर में प्रदेश का एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान दुधवा नेशनल पार्क होने से पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं तथा प्रदेश का "शुगर बाउल" कहे जाने वाले हमारे कृषि प्रधान, वन सम्पदा से परिपूर्ण जनपद का उद्योग व्यापार सम्पर्क मार्ग न होने के कारण स्पर्धा नहीं कर पा रहा है तथा जनपद के उद्योग धन्धे देश के विकास में समुचित योगदान नहीं कर पा रहे हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सीतापुर लखीमपुर मुख्यालय की दूरी 45 किलोमीटर है, इसको फोर लेन से जोड़ा जाए तथा लखीमपुर जनपद में प्रदेश का एकमात्र राष्ट्रीय पार्क दुधवा नेशनल पार्क होने से पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं। यहाँ सुविधाजनक सम्पर्क हेतु विलरायां-पनवारी राजमार्ग पर पड़ने वाली पचपेड़ी घाट पर पुल का निर्माण कराया जाए तथा इसी मार्ग द्वारा दुधवा राष्ट्रीय उद्यान को फोर लेन द्वारा जनपद मुख्यालय से जोड़ा जाए।